दैनिक भास्कर 18/12/2022

# सामाजिक सहयोग और स्टूडेंट्स के उत्थान के लिए किया एमओयू साइन



**अम्बाला** | इद्रीश फाउंडेशन और जीएमएन कॉलेज के बीच सामाजिक सहयोग और स्टूडेंट्स के उत्थान के लिए एमओयू साइन किया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन और फाउंडेशन की संस्थापक नेहा प्रवीण ने बताया कि इस एमओयू के तहत कॉलेज अब संस्था के साथ मिलकर विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम करेगा। इससे जहां संस्था के तहत पढ़ने वाले बच्चों को कॉलेज के माध्यम से नई चीजें सीखने का मौका मिलेगा। वहीं, कॉलेज के स्टूडेंट्स को भी समाज से संबंधित नई चीजों के बारे में जानकारी मिलेगी। मौके संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्रा ने फाउंडेशन के सदस्यों को आयुर्वेद की ओर जाने की सीख दी। मौके पर संस्था के अभिषेक पाठक, अमन, तरुण व दीपांश मौजूद रहे।